हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 11 जनवरी 2026
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

12 एनडीआरएफ ने सिखाए जीवनरक्षा के उपाय, ....



13 सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को ही खत्म कर...




## खबर संक्षेप

### पंक्ति ने हासिल की फोटोजनिक खिताब



**जगदलपुर।** बस्तर की पंक्ति बेदरकर ने राष्ट्रीय मंच पर बस्तर का परचम लहराते हुए जूनियर मिस इंडिया प्रतियोगिता में मिस फोटोजनिक का खिताब और शीर्ष पांच मे जगह बना कर बस्तर और छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। 14 साल की कक्षा 9वीं की छात्रा ने अपने आत्मविश्वास और प्रतिभा के बल पर बस्तर की संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुतीकरण से साबित कर दिया की अपनी संस्कृति से जुड़ी है।

### धान जांच के लिए बनी कांग्रेस की समिति

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के धान संग्रहण केंद्रों में सबसे कम धान का उठाव हुआ है। धान के सड़ने और खराब होने की गंभीर परिस्थितियों को लेकर बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर सुशील मौर्य और ग्रामीण प्रेमशंकर शुक्ला ने पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर शुक्ला के संयोजकत्व में जांच समिति का गठन किया है। इनमें अनिता पोयाम, संतोष यादव, बालेश दुबे, अल्ताफउल्ला खान, संतोष सेठिया, फूलसिंग बघेल, शेरसिंग सेठिया, गणेश बघेल, श्याम दीवान, चंपा ठाकुर, लता निषाद , निकेत राज झा, अभिषेक डेविड, दयाराम कश्यप सदस्य हैं।

### मनरेगा बचाओ संग्राम में कांग्रेस का आज उपवास

**जगदलपुर।** मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने का कांग्रेस पार्टी ने विरोध किया है। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत 11 जनवरी को पूर्वान्ह 11:30 बजे शहर के नगरगुड़ी के समक्ष एक दिवसीय उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### सर्व आदिवासी समाज की बैठक आज होगी

**जगदलपुर।** सर्व आदिवासी समाज का संभाग स्तरीय बैठक 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। यह बैठक कोया कुटमा भवन, परपा जगदलपुर में संपन्न होगी। सभी सात जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कांकेर एवं कोंडागांव के जिला समाज प्रमुख, पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, सामाजिक एकता, आदिवासी समाज से जुड़े समसामयिक मुद्दों, अधिकारों की रक्षा, शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक विकास जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। मीडिया प्रभारी कमलेश कश्यप ने यह जानकारी दी है।

### दिगंबर जैन मुनि संघ का हुआ नगर प्रवेश



**जगदलपुर।** दिगंबर जैन मुनि संघ का 2026 में पहला नगर प्रवेश शनिवार को धरमपुरा मार्ग से हुआ। समाज के सदस्यों ने गाजे-बाजे के साथ मंगल गान करते अगुवानी की। समाज अध्यक्ष अनूप जैन ने बताया मुनिसंघ में शामिल मुनिश्री 108 आगमसागर, मुनिश्री 108 पुनीत सागर, एलकश्री 105 धैर्य सागर, श्रीएलक 105 स्वागत सागर का मंगल प्रवेश के साथ ही महावीर भवन पहुचंने पर समाज के सदस्यों सहित कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद ने आत्मीय स्वागत किया। मुनि संघ का पहला प्रवास 2025 को अप्रैल में हुआ था। इसके बाद वे केसिंगा (ओडिशा) के प्रवास के बाद अक्टूबर में गीदम प्रवास करते सोनारपाल पहुंचे थे। वहां धर्मप्रभावना के बाद पुनः नगर में उनका प्रवास हुआ।

# सहस्राब्दी के आघातों के बाद भी क्षीण नहीं हुई सोमनाथ मंदिर की गरिमा : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व समूचे जिले में मनाया। सभी तेरह मण्डलों में कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया और ओंकार मंत्र का सामूहिक जाप किया। महादेव घाट स्थित प्राचीन शंकर मंदिर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव ने कार्यकर्ताओं के साथ बाबा महादेव का पूजन जलाभिषेक किया और ओंकार मंत्र का 101 सामूहिक जाप में सम्मिलित हुये। उन्होंने समस्त देशवासियों व प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि व कुशलता की कामना की । आयोजन में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, आर्येन्द्र सिंह आर्य, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, श्रीधर ओझा, सफीरा साहू, रंजीत पाण्डेय, आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, मनोहर तिवारी, बृजेश भदौरिया, राजेश श्रीवास्तव, त्रिवेणी रंधारी, माहेश्वरी ठाकुर, योगेश सिंह ठाकुर, सुधा मिश्रा, शशिनाथ पाठक, अतुल सिम्हा, संजय चंद्राकर, सूर्य भूषण सिंह, विक्रम सिंह यादव, राकेश तिवारी, संतोष बाजपेयी, दिगम्बर राव, बृजेश शर्मा, आशा साहू, राजपाल कसेर, किरण दीवान, राजा यादव, संतोष त्रिपाठी, शशिभूषण रथ, विपिन मालवीय, संग्राम सिंह राणा, राणा घोष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## शिव मंदिरों में जलाभिषेक और ओंकार मंत्र का सामूहिक जाप

### सहस्राब्दी के आघातों के बाद भी क्षीण नहीं हुई

उन्होंने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की उस सनातन चेतना का स्मरण है, जो सहस्राब्दी के आघातों के बाद भी क्षीण नहीं हुई। 1026 में मुगल आक्रांताओं के प्रथम आक्रमण से लेकर इतिहास के अनेक कठिन दौरों तक सोमनाथ मंदिर में प्रहार हुये, पर हर बार यह तीर्थ और तेजस्वी होकर खड़ा हुआ। सोमनाथ मंदिर भारत के स्वाभिमान, सास्कृतिक दृढ़ता और सभ्यतागत निरंतरता का शाश्वत प्रतीक है।



### संकल्प के 1000 वर्ष पूर्ण

देव ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का एक हजार वर्षों का अस्तित्व भारत की अदम्य भावना को दर्शाता है। वर्तमान में राष्ट्र अपनी अटूट श्रद्धा और सांस्कृतिक संकल्प के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहा है। आयोजन का संचालन पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा व आभार पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने किया।

## शासकीय विभागों पर 1.56 अरब रुपए का बिजली बिल लंबित

# एक लाख वाले 475 बिजली उपभोक्ताओं पर 18 करोड़ बकाया, वसूली टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग के सातों जिलों में 475 बड़े बिजली बकाएदारों (जिनका बिल 1 लाख रुपए से अधिक है) पर 17 करोड़ 94 लाख 21 हजार 177 रुपए का बिजली बिल बकाया है। वहीं दूसरी ओर शासकीय विभागों पर 1.56 अरब रूपए का बिजली बिल बकाया है, विद्युत कंपनी की ओर से बार-बार नोटिस देने के बाद भुगतान में अनदेखा किया जा रहा है। शासकीय विभागों में से नगरीय निकाय पर ज्यादा बिजली बिल बकाया है। वहीं निजी उपभोक्ताओं के 500 रुपए से अधिक का बिजली बिल होने पर लोगों के घर का बिजली कनेक्शन काट दिया जा रहा है। विद्युत कंपनी की ओर से एक लाख रूपए के बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं को कई बार नोटिस देने के बाद भी कोई ध्यान नहीं रहे हैं। बताया जा रहा है कि विद्युत कंपनी ने डीसी एवं जोन में बकाया की वसूली के लिए डिस्कनेक्शन अभियान पर टीम गठित की गई, जो बकायादार उपभोक्ताओं के घर एवं प्रतिष्ठानों के दरवाजे में दस्तक दे रही है।

### मीटर उखाड़ने चलेगा अभियान

विद्युत कंपनी रायपुर (राजस्व) के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी (सीएसपीडीसी) ने लंबे समय से बिल न चुकाने वालों के खिलाफ मीटर उखाड़ने जैसे सख्त अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान बिजली बिलों की वसूली और राजस्व बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा है, जिससे कंपनी को होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके।



### बकायादारों के सबसे ज्यादा दंतेवाड़ा जिले में

*कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक लाख रूपए बिल वाले में से बस्तर जिले में 95 उपभोक्ताओं पर 3 करोड़ 45 लाख 12 हजार 460, बीजापुर जिले में 58 उपभोक्ताओं पर एक करोड़ 88 लाख 19 हजार 657, दंतेवाड़ा जिले में 132 उपभोक्ताओं पर 6 करोड़ 48 लाख 14 हजार 468, कांकेर जिले में 31 उपभोक्ताओं पर 97 लाख 91 हजार 596, नारायणपुर जिले में 27 उपभोक्ताओं पर 74 लाख 07 हजार 986, कोंडागांव जिले में 46 उपभोक्ताओं पर एक करोड़ 11 लाख 78 हजार एवं सुकमा जिले में 86 उपभोक्ताओं पर 3 करोड़ 28 लाख 97 हजार रूपए का बिजली बिल लंबित है।*

# जेईई में खराब प्रदर्शन से निराश छात्र सुसाइड नोट छोड़कर गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ नए पुल में मिली स्कूटी तीन दिन बाद भी नहीं लगा सुराग



तीन दिन पूर्व घर से लापता 17 वर्षीय छात्र की तलाश पुलिस व गोताखोरों की टीम कर रही है पर उसका अब तक पता नहीं लग सका है। बताया जा रहा है कि छात्र जेईई की परीक्षा में खराब प्रदर्शन से निराश था इसके बाद उसने आत्महत्या का संदेश अपने पिता और मामा को दी और घर से निकल गया। उसकी स्कूटी इन्द्रावती नदी स्थित नए पुल में मिली जिसके बाद उसके नदी में कूदने के अदेंशे को लेकर उसकी तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक अंश श्रीवास्तव सनसीटी स्थित निवास से गुरूवार सुबह लगभग 8 बजे स्कूटी लेकर निकला था। काफी देर तक नहीं लौटने पर घर वालों ने उसकी तलाश शुरू कर दी इसी बीच पिता व मामा के व्हाट्सएप पर उसने सुसाईड करने का मैसेज लिखकर भेजा जिसके बाद उसकी तलाश तेज कर दी गई। बताया जा रहा है कि वह जेईई की परीक्षा देने के लिए रायगढ़ से जगदलपुर आया था। जेईई की परीक्षा देने के लिए रायगढ़ से जगदलपुर आया था लेकिन परीक्षा के नतीजों से निराश होकर वह घर से आत्महत्या करने की बात लिखकर लापता ⏭ शेष पेज 12 पर

### पिता-मामा को भेजा सुसाइड मैसेज

परिजनों के अनुसार अंश ने अपने पिता और मामा को व्हाट्सएप पर एक मैसेज भेजा जिसमें उसने आत्महत्या करने की बात लिखी। मैसेज मिलने के बाद परिजनों ने उससे संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उसका फोन बंद मिला। जब उन्होंने नया पुल के पास उसकी स्कूटी देखी तो उन्हें आशंका हुई कि कहीं उसने नदी में छलांग न लगा दी हो। इसके बाद से ही पुलिस और एसडीआरएफ की तलाश कर रही है। कोतवाली टीआई भोलासिंह राजपूत ने बताया कि गोताखोरों की टीम के साथ उसकी लगातार तलाश की जा रही है लेकिन शनिवार शाम तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है और हम लगातार उसकी तलाश कर रहे है।

# लाखों का गांजा जब्त, यूपी के तस्कर को घेराबंदी कर किया गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ ओडिशा बार्डर में जांच के दौरान नगरनार पुलिस ने पकड़ा



नशे के खिलाफ बस्तर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने ओडिशा बार्डर में तलाशी के दौरान यूपी के तस्कर को लाखों रूपए के गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी यूपी जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था तभी पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा।

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। नगरनार पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने पास सफेद बोरी में भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा रखकर ओडिशा बार्डर स्थित आरटीओ नाका के पास वाहन की तलाश में इंतजार कर रहा है। टीम ग्राम धनपुंजी आरटीओ नाका एनएच 63 मेन रोड के पास पहुंचकर वाहन का इंतजार करते मिले संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम शिव कुमार रावत उर्फ भोले पिता राम खिलावन रावत 22 वर्ष निवासी भलुवाही थाना बदलापुर जिला जौनपुर उतरप्रदेश का रहने वाला बताया। उसकी तलशी लेने पर 4 पैकेट में रखा 10.700 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 5 लाख 35 हजार रूपए आंका गया है। मामले ⏭ शेष पेज 12 पर

# करपावंड व भानपुरी सबसे आगे 18 लाख क्विंटल धान उपार्जन



**जगदलपुर।** बस्तर जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य तेजी से जारी है। जिले के धान खरीदी केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुलभ होने के फलस्वरूप धान खरीदी में गति आयी है और 9 जनवरी तक की स्थिति के अनुसार जिले की विभिन्न समितियों ने 18 लाख 63 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी कर ली है। करपावण्ड समिति द्वारा अब तक सर्वाधिक 60,680.80 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है, वहीं भानपुरी केंद्र द्वारा भी 56,052.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसके अतिरिक्त मूली और केशरपाल जैसे धान खरीदी केंद्रों में भी अच्छी खरीदी हुई है। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने सहित नियमित तौर पर धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर मॉनिटरिंग किया जा रहा है। किसानों की सहूलियत के मद्देनजर तौल की व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता तथा अन्य व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा रहा है। जिससे धान खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# नए फ्रेमवर्क में रोजगार की गारंटी समाप्त श्रमिकों का अधिकार छीना जा रहा : बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ राज्यों पर बढ़ेगा बोझ, गरीबों की आजीविका पर संकट, योजना बनी खोखली



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने शनिवार को पत्रवार्ता में कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने और कानून में प्रस्तावित बदलावों को श्रमिक-विरोधी बताते हुए कहा कि यह निर्णय गांधीजी के आदर्शों और ग्रामीण गरीबों के काम के अधिकार पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि अब तक मनरेगा संविधान के अनुच्छेद 21 से जुड़े अधिकारों पर आधारित कानूनी गारंटी थी, जिसे नए ढांचे में कंडीशनल और केंद्र-नियंत्रित स्कीम में बदला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नए प्रावधानों से काम की निरंतरता टूटेगी,फंड समाप्त होने या फसल मौसम में रोजगार रोका जा सकेगा और राज्य तय करेंगे कि गरीब कब काम करें। इससे ग्रामीण परिवारों की आजीविका अस्थिर होगी। कोविड काल में मनरेगा ने करोड़ों परिवारों के लिए सुरक्षा कवच का काम किया, जिसे अब कमजोर किया जा रहा है। इस दौरान प्रभारी शकील रिज़वी, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, प्रेमशंकर शुक्ला, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, पूर्व सभापति कविता साहू, महामंत्री अभिषेक नायडू, ⏭ शेष पेज 12 पर

### खर्च बचाने और काम नहीं देने की आशंका

*बैज ने बताया गया कि पहले हर परिवार को न्यूनतम 100 दिन का कानूनी अधिकार, ग्राम पंचायत के माध्यम से स्थानीय काम, न्यूनतम मजदूरी और 100 प्रतिशत केंद्र प्रायोजित भुगतान मिलता था। नए ढांचे में यह अधिकार खत्म होकर प्रशासनिक मदद बन जाएगा। चुने हुए गांवों में सीमित अवधि का काम, मजदूरी पर सरकारी नियंत्रण और राज्यों पर 40 प्रतिशत वित्तीय बोझ डाला जाएगा। इससे कई राज्यों में खर्च बचाने के लिए काम न देने की आशंका जताई गई।*

## बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट, बीमा आदि के नाम पर होने वाले साइबर स्कैम की दी गई जानकारी

# डिजिटल अरेस्ट से बचाने सेवानिवृत सीनियर सिटीजनों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ साइबर फॉड होने पर डॉयल 1930, कंट्रोल रूम, साइबर सेल व थाना प्रभारियों से समपर्क करने दी समझाइश

सेवानिवृति के बाद एकांत में रह रहे सीनियर सिटीजनों को डिजीटल अरेस्ट से बचाने के लिए बस्तर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पहले चरण में जिले के सौ से अधिक बुजुर्गों के घर में पहुंचकर पुलिस द्वारा होने वाले फ्रॉड व साइबर स्कैम की जानकारी देकर बचने के उपाय बताते हुए जागरूक किया गया।


एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करते हुए जिले में घटित होने वाले साइबर अपराधों की विवेचना कर जहां एक ओर अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी विभिन्न माध्यमों से दी जा रही है। इसी तारतम्य में पुलिस मुख्यालय से मिले दिशा निदेशानुसार रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत आयोजन कर जिले के सभी थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सौ से अधिक परिवारों से संपर्क कर साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के केन्द्र बिन्दू पर एकांतवास करने वाले सेवानिवृत्त, वृद्धजन परिवार रहे। साइबर ठगों द्वारा वृद्धजनों को शिकार बनाने वाला प्रचलित तरीका डिजीटल अरेस्ट स्कैम, इन्वेंटमेंट स्कैम, बीमा संबंधी स्कैम एवं अन्य साइबर विषय पर राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा वीडियों ⏭ शेष पेज 12 पर



### एसपी की अपील डरो नहीं रूको सोचो और एक्शन लो

*एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि भारतीय कानून में पुलिस द्वारा डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है। विडियो कॉल करने वाले लोग पुलिस, सीबीआई या जज नहीं बल्कि साइबर अपराधी होते है। इसलिए इनसे मत डरो, रूको, सोचो और एक्शन लो। ऐसे अपराधियों की तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन व साईबर सेल में रिपोर्ट करें ताकि समय रहते उनके खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें सजा दी जा सके। अभियान के दौरान एकांत एवं सेवानिवृत्त को लक्षित कर साइबर सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई उन्हें वृद्धजनों के साथ होने वाले डिजीटल अरेस्ट, बीमा इत्यादी के नाम पर होने वाले साइबर स्कैम जैसे साइबर अपराध के तरीकों की जानकारी देकर बचने के उपाय बताए गए।*

# आने जाने में होगी सहुलियत और उपस्थिति बढ़ाना उद्देश्य : गोयल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ तोकापाल ब्लॉक 149 छात्राओं को मिली साइकिल

विकासखंड तोकापाल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े मोरठपाल में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत बालिका शिक्षा को दिशा देने की पहल हुई। छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को कम करने और नियमित उपस्थिति को प्रोत्साहित करना रहा। कुल 149 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। इनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े मोरठपाल की 54, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 29 तथा माता रुक्मिणी आश्रम की 66 छात्राएं शामिल रहीं। साइकिल मिलने से छात्राओं के चेहरे पर आत्मविश्वास और उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ ⏭ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### थाना स्टॉफ ने केक काटकर धूमधाम से मनाया आरक्षक का जन्मदिन



**फरसगांव।** कोंडागांव एसपी पंकज चंद्रा ने पुलिस परिवार में आपसी सामंजस्य और उत्साह का माहौल बनाए रखने हेतु एक नई पहल की है। कोंडागांव जिले के सभी थानों कार्यालयों एवं पुलिस लाइन में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों के जन्मदिन को मनाया जा रहा है। फरसगांव थाना प्रभारी विकासचंद्र राय के नेतृत्व में गुरुवार की रात फरसगांव थाने में पदस्थ आरक्षक किरण नेताम के जन्मदिन को पूरे स्टॉप के लोगों ने केक काटकर मनाया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दिए।

### अटंग में सत्संग 12 से

**सिर्री।** ग्राम अटंग में कबीर सत्संग समिति के तत्वावधान में 12 से 14 जनवरी तक साईं मंदिर के समीप समरसता भवन में सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक प्रवचन होगा। प्रवचनकर्ता समेंद्र साहेब नवापारा, अनिल साहेब संकरी, मुक्तिशरण साहेब, गुरुभूषण साहेब होंगे।

### सिवनी मंडल में 13 को विराट हिंदू सम्मेलन

**धमतरी।** सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं हिन्दू समाज में एकता के लिए सिवनी खुर्द मंडल के ग्राम झुरानवागांव में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दू सम्मेलन के पूर्व पांच दिवसीय राम कथा होगी। व्यासपीठ पर राष्ट्रीय संत श्रीश्री मोहित पाठक विराजमान रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वंदेमातरम समिति, हिंदू सम्मेलन के स्वयंसेवक शत्रुहन राजपूत, मनोज ध्रुव, टीकाराम साहू, रूपचंद साहू प्रेमनारायण साहू, आशाराम साहू जुटे हैं।

### कोलियारी में मड़ई 19 को

**अंवरी।** ग्राम कोलियारी (भखारा) में ग्रामवासियों के सहयोग से 19 जनवरी को मड़ई मेला आयोजित किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए घीना अर्जुंदा का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मुकेश साहू ने दी।

### सड़क हादसे में कॉलेज छात्र-छात्रा घायल

**धमतरी।** अंबेडकर चौक से होते हुए रूद्री मार्ग से गुजर रहे बाइक सवार छात्र-छात्रा को तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने ठोकर मार दी। घटना में दोनों घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम कुसुकोर निवासी योगेश पिता संतोष मरकाम उम्र 21 वर्ष व डिगेश्वरी साहू उम्र 21 वर्ष ग्राम बकोरी निवासी कॉलेज छात्रा हैं। शुक्रवार को दोनों अपने-अपने गांव से कालेज गए थे। दोनों घूमने के उद्देश्य से अंबेडकर चौक से होते हुए रूद्री मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेक्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक सवार छात्र-छात्रा को अमलतासपुरम कॉलोनी के पास ठोकर मार दी। घटना के बाद चालक ट्रेक्टर सहित मौके से फरार हो गया। ट्रेक्टर की ठोकर से योगेश गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं छात्रा को भी चोट लगी है। घटनास्थल के पास स्थित मोबाइल दुकान के संचालक की सूचना पर वरदान सेवा संस्था के शिवा प्रधान व हेमंत प्रधान तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल छात्र-छात्रा को एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। मौके पर उपस्थित लोगों ने पुलिस से फरार ट्रेक्टर चालक की जल्द पहचान कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### चरमुड़िया आईटीआई की हालत खराब

**धमतरी।** कुरूद आईटीआई चरमुड़िया के छात्र सिर्फ उपस्थिति के लिए रह गए हैं। प्रशिक्षण अधिकारी और ट्रेड से संबंधित सामग्री उपलब्ध नहीं होने की शिकायत कलेक्टर से की गई है। चरमुड़िया आईटीआई के प्रशिक्षणार्थी ओम दिवाकर, सागर आदि ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि कुरूद आईटीआई चरमुड़िया में ट्रेड/डीएमसी ड्राफ्टमेन सिविल प्रशिक्षण अधिकारी जनवरी 2025 से नहीं है।

# बस्तर की बिटिया अपूर्वा का सीएम साय व सांसद अग्रवाल ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन की पहली कॉफी टेबल बुक अध्याय का भव्य विमोचन 9 जनवरी को द कॉस्मो एक्सपो, रायपुर में सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 25 चयनित प्रेरणादायी महिला उद्यमियों पर आधारित इस पुस्तक का लोकार्पण किया।

इस कार्यक्रम में बस्तर की इकलौती बिटिया अपूर्वा त्रिपाठी को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए मंच पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल के हाथों सम्मानित किया गया। यह सम्मान बस्तर की नारी शक्ति, आत्मविश्वास और वैश्विक सोच का प्रतीक माना जा रहा है। कॉफी टेबल बुक अध्याय में अपूर्वा त्रिपाठी पर आधारित एक विशेष अध्याय शामिल किया गया है। यह पुस्तक पहली बार राज्य की महिला उद्यमिता, नेतृत्व और नवाचार को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत कर रही है।

## छत्तीसगढ़ की पहली कॉफी टेबल बुक अध्याय में बस्तर की इकलौती प्रतिनिधि



### गरिमामयी आयोजन, बड़ी सहभागिता

*इस पुस्तक का संकलन उचित शर्मा द्वारा किया गया तथा लेखन सुश्री खुशबू ने किया। कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद, उद्योग जगत, विधि विशेषज्ञ और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अध्याय पुस्तक बस्तर की प्रतिभा, महिला नेतृत्व और आत्मनिर्भर भारत की सोच को सशक्त रूप से प्रस्तुत करती है। अपूर्वा त्रिपाठी का सम्मान पूरे बस्तर और छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय बना है।*

### कानून विशेषज्ञ से अंतरराष्ट्रीय उद्यमी तक का सफर

*अपूर्वा त्रिपाठी विधि क्षेत्र की प्रख्यात विशेषज्ञ हैं। उन्होंने एलएलबी के साथ डबल एलएलएम, अंतरराष्ट्रीय कानून और बौद्धिक संपदा कानून में विशेष डिग्रियां प्राप्त की हैं तथा हाल ही में पीएचडी पूर्ण की है। वे एमडी बोटैनिकल्स के माध्यम से बस्तर के जैविक उत्पादों, मसालों एवं वनोपज को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।*

**अभ्यास :** ग्राम बम्हनी में बाढ़ से बचाव की मॉक ड्रिल, आपदा से पहले तैयारी

# एनडीआरएफ ने सिखाए जीवन रक्षा के उपाय ग्रामीणों और छात्रों को मिला रेस्क्यू का लाइव प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल 03 वाहिनी एनडीआरएफ मुण्डली, कटक ओडिशा, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कोण्डागांव के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बम्हनी में बाढ़ से बचाव को लेकर मॉक ड्रिल मॉक एक्सरसाइज का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास को देखने बड़ी संख्या में ग्रामीणों और स्कूली बच्चों की उपस्थिति रही।

एनडीआरएफ टीम ने बाढ़.की स्थिति में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने, प्राथमिक उपचार देने और सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन किया। टीम ने बताया कि घबराने के बजाय सही जानकारी और संसाधनों के उपयोग से कई जानें बचाई जा सकती हैं। मॉक ड्रिल के दौरान राहत एवं बचाव में उपयोग होने वाली सामग्रियों की जानकारी दी गई, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल रहे लाइफ जैकेट व पाइप बॉय तेज बहाव में तैरने और संतुलन के लिए रेस्क्यू रोप व बोट फंसे लोगों तक पहुंचने के लिए प्लास्टिक की खाली बोतलें अस्थायी फ्लोटेशन डिवाइस के रूप में बांस व नारियल ग्रामीण क्षेत्रें में उपलब्ध प्रा—तिक सहायक साधन साथ ही यह भी बताया गया कि घर में उपलब्ध साधनों से अस्थायी जीवन रक्षक उपकरण कैसे बनाए जा सकते हैं।

रेस्क्यू के बाद प्राथमिक उपचार और सीपीआर प्रक्रिया का भी डेमो दिया गया। ग्राम बम्हनी के कक्षा 11वीं के छात्र टिकेन्द्र पानीग्राही ने स्वयं सीपीआर का अभ्यास कर अनुभव साझा किया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य ग्रामीणों को आपदा से पहले सतर्क करना, जीवन रक्षक तकनीकों से अवगत कराना और आपात स्थिति में सही निर्णय लेने के लिए तैयार करना रहा। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे अभ्यास नियमित कराने की मांग की।





### जवाई मुंडा तालाब में हुआ रेस्क्यू अभ्यास

*मॉक ड्रिल के अंतर्गत जवाई मुंडा तालाब में रेस्क्यू ऑपरेशन कर घायल को सुरक्षित निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी तक पहुंचाया गया। इस अभियान में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, जिला आपदा मोचन बल एवं रेड क्रॉस सोसाइटी की भी अहम भूमिका रही।*

### अधिकारियों की रही मौजूदगी

*यह अभ्यास एनडीआरएफ कमांडर डॉ. नवीन कुमार, टीम कमांडर इंस्पेक्टर हीरा सिंह, सब इंस्पेक्टर राजपाल गुर्जर एवं विवेक पाण्डे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त कलेक्टर वहीदुर्रहमान, इंसिडेंट कमांडर किशोर शर्मा, अधीक्षक भू–अभिलेख सुश्री सुषमा मंडावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।*

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर शिव भक्ति में डूबा बहीगांव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

- धनोरा मंडल के बहीगांव में कार्यकर्ताओं ने किया विशेष पूजन-अर्चन

बहीगांव 10 जनवरी को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आज पूरे देश में भगवान शिव की आराधना श्रद्धा एवं भक्ति भाव से की गई ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर को भारत का प्रथम ज्योतिर्लिंग माना जाता है की गौरवशाली इतिहास की स्मृति में देश भर के शिवालयों में शिवलिंग पर जल अर्पण पूजा अर्चना की गई।

यह पर्व उस स्वाभिमान और संस्कृति चेतना का प्रतीक है जब मुगलों द्वारा ध्वस्त किए गए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प और नेतृत्व में कराया गया था इसी तारतम्य में धनोरा मंडल की बहीगांव में कार्यकर्ताओं के द्वारा पूजा अर्चना किया गया।

### ये रहे उपस्थित

मंडल के मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार सिंहा जिला के महामंत्री विजय पोया भाजपा की वरिष्ठ कार्यकर्ता एसएमडीसी अध्यक्ष बहीगांव सतीश पाठक मंडल मंत्री सकलू राम मांडवी बहीगांव के पूर्व सरपंच एवं लैंप्स अध्यक्ष बोधन नेताम एवं जनपद के सदस्य हितेश नेताम मंदिर पुजारी के साथ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा में करोड़ों के विकास कार्यों पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- शहर के सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं का होगा विस्तार
- 1.95 करोड़ से बनाया जाएगा मिनी स्टेडियम

नगर पालिका परिषद कोण्डागांव की सामान्य सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने की, जबकि उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, समस्त पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे सहित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में शहर के विकास, स्वच्छता, जल संरक्षण और अधोसंरचना विस्तार से जुड़े करोड़ों रुपये के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

शहर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 195 लाख रुपये 1.95 करोड़ की लागत से मिनी स्टेडियम निर्माण को मंजूरी दी गई। इससे युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं मिलेंगी। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 1 करोड़ 7 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। इससे शहर की साफ–सफाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। राम मंदिर तालाब और बांधातालाब के आसपास सुरक्षा रेलिंग लगाने, व्यापक सफाई और जीर्णोद्धार कार्य के लिए 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 173 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई।

**12 करोड़ की आधुनिक एसटीपी योजना** – घरों से निकलने वाले गंदे पानी के उपचार के लिए 12 करोड़ रुपये की लागत से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने का निर्णय लिया गया, जिससे जल प्रदूषण पर नियंत्रण संभव होगा। शहर के अन्य अधोसंरचनात्मक कार्यों के लिए 1 करोड़ 40 लाख रुपये के अतिरिक्त प्रस्तावों को भी सदन की स्वीकृति मिली। नगर पालिका प्रशासन ने बताया कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से कोण्डागांव को स्वच्छता, खेल सुविधा, जल निकासी और सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। बैठक में सभी पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों ने तालियां बजाकर इन प्रस्तावों का समर्थन किया और इसे शहर के भविष्य के लिए ऐतिहासिक कदम बताया।

# नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, 14 गाड़ियां जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

- सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस ने शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 14 वाहन जब्त कर चालकों को न्यायालय का रास्ता दिखाया है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसपी सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा 3 से 7 जनवरी तक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले कुल 14 वाहन चालकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उनके वाहनों को जब्त किया गया। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। धारा एमवी एक्ट 185 के तहत 10 हजार रुपए अर्थदंड का प्रावधान है।

अभियान के तहत मगरलोड थाना क्षेत्र में सोमवार को एल्कोमीटर से जांच के दौरान शराब सेवन की स्थिति में वाहन चलाते पाए जाने पर उनके वाहन जब्त किये गए। वहीं चालक आरोपी धनेश्वर ध्रुव पिता सुखदेव 28 वर्ष ग्राम नवागांव थाना मगरलोड, सोमप्रकाश सिन्हा पिता महानंद उम्र 32 वर्ष ग्राम बोरिदकला, डिगेंद्र कंवर पिता नाथूराम 21 वर्ष नवागांव थाना मगरलोड, कलीराम पटेल पिता विश्राम 30 वर्ष ग्राम मेघा के खिलाफ कार्रवाई की गई।

इसी तरह भखारा थानाक्षेत्र के सेमरा मोड़ चेक पाइंट पर रामकृष्ण साहू पिता शत्रुहन 21 वर्ष ग्राम भगरघटा की पिकअप, कीर्तन ध्रुव पिता मन्नू 38 वर्ष ग्राम सिलतरा की मोटरसाइकिल, हरीश केशरी 45 वर्ष ग्राम खपरी के मोटरसाइकिल, गोवर्धन साहू पिता अंकालुराम 25 वर्ष ग्राम रानीतराई की मोटरसाइकिल, मोहित पिता कमलूराम 27 वर्ष ग्राम सेमरा की मोटरसाइकिल पर कार्रवाई की गई। अंबेडकर चौक व अन्य स्थानों पर लगे चेकिंग पाइंट में राजेश साहू पिता डेरहाराम 23 वर्ष टिकरापारा, ईश्वर पिता दशरथ 45 वर्ष साहूपारा, कमलेश्वर साहू पिता पुनेश्वर 38 वर्ष ग्राम विश्रामपुरी, गुलशन साहू पिता चेतन 27 वर्ष ग्राम सिर्री व डुमेश्वर साहू पिता लक्ष्मण उम्र 31 वर्ष ग्राम पोटियाडीह के खिलाफ कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने व ट्रेफिक नियमों का पालन करने की अपील की है।






# नेशनल हाईवे पर दो ट्रकों में भिड़ंत

### सड़क के दोनों ओर 2 किमी तक लंबा जाम, चालक-परिचालक बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

जिले से लगे जगदलपुर-धमतरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार की तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। आमने-सामने से आ रहे दो ट्रकों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर चिपट गया। गनीमत रही कि दोनों ट्रक के चालक और परिचालक बाल-बाल बच गए, हालांकि उन्हें हल्की चोटें आई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार यह घटना शुक्रवार की सुबह करीब 4 बजे की है। एक ट्रक जगदलपुर की ओर से आयरन ओर भरकर धमतरी की तरफ आ रहा था, जबकि सीमेंट से भरा दूसरा ट्रक धमतरी की तरफ से जगदलपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान पुरुर व टोल प्लाजा के बीच नेशनल हाईवे पर दोनों ट्रकों के बीच भीषण टक्कर हो गई।

हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। पीछे से आ रहे अन्य वाहन भी टक्कर का शिकार होने से बाल-बाल बचे। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस जाम को हटाने में जुटी रही और वाहनों को बारी-बारी से निकाला। हादसे के कारण कुछ समय तक मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।








## पेज 11 के शेष

### जेईई में खराब प्रदर्शन ...

हो गया। तलाश करने के दौरान उसकी स्कूटी नया पुल के पास नदी किनारे मिली है। इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी जिसके बाद से ही कोतवाली पुलिस और एसडीआरएफ की टीम उसकी तलाश कर रही है और इस दौरान उसका मोबाईल भी बंद बता रहा है।

### लाखों का गांजा जब्त...

में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एसआई सतीश यदुराज, एएसआई दिनेश ठाकुर, आरक्षक दशरू नाग व वेदप्रकाश देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नए फ्रेमवर्क में ...

महिला कांग्रेस अध्यक्ष चंपा ठाकुर,यूंका अध्यक्ष निकेत राज झा,रविशंकर तिवारी, छबिराम तिवारी,संजय पाणिग्रही, ललिता राव,कमलेश पाठक, अनुराग महतो, एस नीला, सलीम जाफर अली, शादाब अहमद, रजत जोशी, मोहसिन खान सहित अन्य मौजूद रहे।

### डिजिटल अरेस्ट से....

एवं पाम्पलेट के माध्यम से वृद्धजनों के घरों में जाकर विस्तार से चर्चा की गई। ऐसे साइबर अपराध से बचने के उपाय एवं इन अपराधों का शिकार होने पर तत्काल सहायता के लिए साइबर अपराध हेल्पलाईन नम्बर 1930 के अलावा पुलिस कंट्रोल रूम, साइबर सेल, थाना प्रभारी एवं बीट अधिकारी के संपर्क नंम्बर साझा किया गया।

### आने जाने में होगी ...

हुई। एनसीसी की छात्राओं द्वारा अतिथियों का अनुशासित एवं आकर्षक स्वागत कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। इसके पश्चात छात्राओं ने संक्षिप्त सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पूनम सलाम, खंड स्त्रोत समन्वयक अजय शर्मा एवं प्राचार्य शबाना अली मौजूद रहीं।

**खबर संक्षेप**

## शिशु मंदिर में महिलाओं का हुआ सम्मान



**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम तुरपुरा सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मातृशक्ति के महत्व को उजागर करना उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और भारतीय संस्कृति व संस्कारों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में ग्रामीण मातृ शक्तियों ने अपने-अपने विचार रखे एवं नारी शक्तियों और परिवार व समाज में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया गया। इस दौरान आचार्य रोहित प्रधान, मायाराम कश्यप,दिनेश सेठिया, देवेंद्र ठाकुर, तोमन ठाकुर नीरूजली कश्यप, रीना ठाकुर, नवीन ठाकुर, दुशिला ठाकुर,तारवी ठाकुर,उषा ठाकुर प्रमिला ठाकुर, जयंती ठाकुर, सुशीला ठाकुर,ललिता यादव, नैना ठाकुर सहित बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## डीईओ और जेडी से मिले टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने पेंशन, क्रमोन्नति और सेवा गणना से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर बस्तर जिला शिक्षा अधिकारी तथा संयुक्त संचालक (शिक्षा) से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। संगठन ने नियुक्ति तिथि से पेंशन,समयमान वेतनमान/क्रमोन्नति का लाभ देने तथा शिक्षकों की डिजिटल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में टैब और लैपटॉप उपलब्ध कराकर उपस्थिति दर्ज कराने का सुझाव दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं जिला शिक्षा कार्यालय पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल संयुक्त संचालक कार्यालय पहुंचा,जहां शिक्षकों ने अपनी मांगों का विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया। संघ ने बताया कि निजी मोबाइल में वीएसके ऐप इंस्टॉल करने से शिक्षकों की गोपनीय जानकारी थर्ड पार्टी तक पहुंचने का खतरा बना हुआ है। कई मामलों में साइबर फ्रॉड की शिकायतें सामने आई हैं, जिससे शिक्षकों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। इसे गंभीर मानते हुए संगठन ने विभागीय उपकरणों के माध्यम से ही अटेंडेंस सिस्टम लागू करने की मांग की। साथ ही सोना साहू प्रकरण के आधार पर सभी शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति एवं समयमान वेतनमान के लिए सामान्य आदेश जारी करने की मांग रखी गई। एलबी संवर्ग के शिक्षकों की सेवा गणना नियुक्ति तिथि से करते हुए पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की भी जोरदार मांग की गई।

संगठन ने बताया कि संविलियन तिथि से सेवा गणना के कारण कई शिक्षक बिना पेंशन के सेवानिवृत्त हो रहे हैं,जो अत्यंत पीड़ादायक स्थिति है। संघ ने उत्तर प्रदेश और झारखंड की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी समान पेंशन नियम लागू करने की मांग रखी, जिससे शिक्षकों को सामाजिक सुरक्षा मिल सके।

# बॉल गेम, मेंढक, जलेबी और नींबू-चम्मच दौड़ में बच्चों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सीआरपीएफ कोबरा कॉम्प्लेक्स करणपुर स्थित मॉन्टेसरी स्कूल में 9 जनवरी को कोबरा कैम्पस में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह पूर्ण वातावरण में किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यावस्था के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना एवं उनमे शारीरिक दक्षता, अनुशासन टीम भावना तथा आत्मविश्वास का विकास करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा सिंह राठौर ने मुख्य अतिथि डॉ. सोमाली कस्वां का आत्मीय स्वागत किया। मॉन्टेसरी स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों द्वारा अनुशासित एवं आकर्षक रंगारंग मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। जो उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं अतिथियों को अत्यंत प्रभावित कर गया।

मार्च पास्ट के पश्चात बच्चों की उम्र एवं क्षमता के अनुरूप शैक्षिक खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें दौड़, जलेबी दौड़, बॉल गेम, मेंढक दौड़, नींबू-चम्मच दौड़ तथा संतुलन अभ्यास मुख्य रूप से शामिल थे। समस्त गतिविधियों को इस प्रकार तैयार किया गया था कि बच्चों में शारीरिक कौशल, समन्वय क्षमता, एकाग्रता एवं सहयोग की भावना का विकास हो तथा वे खेल-खेल में सीखने का सकारात्मक अनुभव प्राप्त कर सके।

कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों एवं शिक्षकों द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्साह, ऊर्जा एवं प्रेरणात्मक वातावरण बना रहा। नन्हें प्रतिभागियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से उत्कृष्ट ऊर्जा, समन्वय एवं खेल भावना का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. सोमाली कस्वां ने प्रारंभिक बाल्यावस्था में खेल एवं शारीरिक गतिविधियों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ होता है तथा उनमें सामाजिक कौशल, आत्मविश्वास एवं अनुशासन का विकास होता है। उन्होंने विद्यालय द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा भी की। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें समस्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा यह दोहराया गया कि बच्चों को आनन्दयम एवं सकारात्मक वातावरण में शिक्षा प्रदान करना विद्यालय की प्राथमिक प्रतिबद्धता है।

### मनरेगा के नाम को लेकर कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को ही खत्म कर श्रमिकों से काम का अधिकार छीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने और उसमें संशोधन के खिलाफ शनिवार को राजीव भवन दंतेवाड़ा में प्रेस वार्ता की गई। पीसीसी द्वारा प्रेस वार्ता को सम्बोधित करने हेतु नियुक्त पीसीसी के संयुक्त महामंत्री उमाशंकर शुक्ला ने कहा मनरेगा कानून में परिवर्तन मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम है। यह महात्मा गांधी के आदर्शों पर कुठाराघात है, मजदूरों के अधिकारों को सीमित करने वाला निर्णय है।

मोदी सरकार ने सुधार के नाम पर झांसा देकर लोकसभा में एक और बिल पास करके दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी स्कीम मनरेगा को खत्म

■ **सरकार की नीयत पर उठाए सवाल**

कर दिया है। यह महात्मा गांधी की सोच को खत्म करने और सबसे गरीब भारतीयों से काम का अधिकार छीनने की जानबूझकर की गई कोशिश है। अब तक मनरेगा संविधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित गारंटी थी।

नया फ्रेमवर्क ने इसे एक कंडीशनल, केंद्र द्वारा कंट्रोल की जाने वाली स्कीम में बदले दिया है। मनरेगा गांधी के ग्राम स्वराज, काम की गरिमा और डिसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट के सपने का जीता-जागता उदाहरण था, लेकिन इस सरकार ने न सिर्फ उनका नाम हटा दिया है, बल्कि 12 करोड़ मनरेगा मजदूरों के अधिकारों को भी बेरहमी से कुचला है। दो दशकों से, मनरेगा करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए लाइफलाइन रहा है और कोविड-19 महामारी के दौरान आर्थिक सुरक्षा के तौर पर ज़रूरी साबित हुआ है। अब तक मनरेगा मजदूरों को काम देने का कानून था, श्रमिक अधिकार पूर्वक मांग करते थे, जिसे योजना में परिवर्तित कर दिया गया। मनरेगा के तहत सरकारी ऑर्डर से कभी काम नहीं रोका गया। नया सिस्टम हर साल तय टाइम के लिए जबरदस्ती रोजगार बंद करने की इजाजत देता है, जिससे राज्य यह तय कर सकता है कि गरीब कब कमा सकते हैं और कब उन्हें भूखा रहना होगा। एक बार फंड खत्म हो जाने पर या फसल के मौसम में मजदूरों को महीनों तक रोजगार से दूर रखा जा सकता है।

कांग्रेस की मांग है काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी, जवाबदेही की गारंटी, मनरेगा में किए गए बदलावों की तत्काल वापसी, काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली, न्यूनतम वेतन 400 रुपये किया जाए। मनरेगा बचाओ संग्राम के दंतेवाड़ा जिला समन्वयक पूर्णचंद कोको पाढ़ी ने वार्ता में बताया मनरेगा केंद्रीय कानून था। 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा भेजे जाते थे। अब केंद्र और राज्य का हिस्सा 60- 40 का हो जाएगा, पहले मैचिंग ग्रांट 50 प्रतिशत राशि राज्य जमा करेगी तब केंद्र सरकार राशि जारी करेगा, राज्यों की वित्तीय स्थिति सर्वविदित है। इस बिल से आने वाले समय में मनरेगा स्कीम खत्म हो जाएगी। जैसे ही बजट का बोझ राज्य सरकारों पर पड़ेगा, वैसे ही धीरे-धीरे मनरेगा बंद होने लगेगी।गोदी सरकार अब राज्यों पर जी राम जी का लगभग 50,000 करोड़ का बोझ डालना चाहती है, उन्हें 40 प्रतिशत खर्च उठाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। मनरेगा योजना देश के गरीब से गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा थी, जो कोरोना जैसे मुश्किल हालातों में भी उनके साथ थी। इसलिए ये बिल गरीब मजदूरों के खिलाफ है। 100 दिन से 125 दिन की मजदूरी वाली बात सिर्फ एक चालाकी है, वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 70 प्रतिशत गांव में भाजपा की सरकार आने के बाद से अघोषित तौर पर काम नहीं दिया जा रही है।

पिछले 11 सालो में मोदी सरकार बनने के बाद मनरेगा में काम देने का राष्ट्रीय औसत मात्र 38 दिनों का है। मतलब 11 सालो में मोदी सरकार किसी भी साल 100 दिन काम नहीं दे पाई। मनरेगा काम करने का सही अधिकार था, उसे अब एक एडमिनिस्ट्रेटिव मदद में बदला जा रहा है। जो पूरी तरह से केंद्र की मर्जी पर निर्भर है।

भाजपा भगवान राम के नाम पर एक बार फिर झूठ बोल रही है। इस दौरान पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा, महिला कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव तूलिका कर्मा, जिला अध्यक्ष सलीम राजा उस्मानी, जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, जिला महामंत्री विमल सलाम, जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा,ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र मृणाल राय, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक कर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार पीसीसी पिछड़ा वर्ग कांग्रेस उपाध्यक्ष मंगल यादव, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गणेश दुर्गा,जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी मनीष ठाकुर अन्य मौजूद रहे।

### राज्य सरकारों को मजदूरी का 40 प्रतिशत हिस्सा खुद देना होगा

पीसीसी संयुक्त महामंत्री छविंद्र कर्मा ने कहा मनरेगा में पहले हर परिवार को न्यूनतम 100 दिनों के काम की कानूनी गारंटी मिलती थी। हर गांव में काम की कानूनी गारंटी मिलती थी। आप पूरे साल काम की मांग कर सकते थे। आपको कानूनी न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी गई थी। ग्राम पंचायत के जरिए अपने ही गांव के विकास के लिए काम मिलता था। आपके काम में मनरेगा मेट और रोजगार सहायकों की मदद मिलती थी। आपकी मजदूरी का 100 प्रतिशत भुगतान केंद्र सरकार करती थी, इसलिए राज्य सरकार बिना किसी चिंता या कठिनाई के आपको काम उपलब्ध कराती थी। मोदी सरकार द्वारा अब मनरेगा को कैसे कमजोर किया और क्या क्या बदला गया। अब आपके पास कोई कानूनी गारंटी नहीं रहेगी। काम केवल सरकार द्वारा चुने गए गांवों में ही मिलेगा। फसल कटाई के मौसम में आपको काम नहीं मिलेगा। आपकी मजदूरी सरकार अपनी मर्जी से तय करेगी। अब आप कहां और क्या काम करेंगे, यह सरकार तय करेगी अब आपको किसी मेट या रोजगार सहायक की मदद नहीं मिलेगी। अब राज्य सरकारों को आपकी मजदूरी का 40 प्रतिशत हिस्सा खुद देना होगा। खर्च बचाने के लिए हो सकता है राज्य मजदूरों को काम ही न दें।

## मतदाताओं को जागरूक करने भांसी पहुंचे असरानी



**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनर्निरीक्षण एवं नव मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज आईटीआई भांसी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने युवाओं को संबोधित करते हुए लोकतंत्र में उनकी भूमिका को रेखांकित किया।

कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र सिंह ठाकुर ने किया। उन्होंने अभियान की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि विशेष गहन पुनर्निरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना तथा अधिक से अधिक पात्र युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ना है, ताकि कोई भी योग्य नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।उन्होंने

विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि देश के भविष्य निर्माण में युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी नव मतदाताओं से अपील की कि वे अपना नाम समय पर मतदाता सूची में जुड़वाएं और अपने मित्रों व परिवारजनों को भी इस अभियान से जोड़ें। उन्होंने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार विशेष गहन पुनर्निरीक्षण के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन करने एवं त्रुटियों को दूर करने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान करते हुए उन्हें आवश्यक निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दौरान भूपेंद्र निर्मलकर,सौरभ राठौर, अर्नब चक्रवर्ती,गौरव भवानी, शैलेन्द्र सिंह, करण सोनी, नितेश अधिकारी, राहुल सोनवानी, रंजीत नाग, समशेर, विकास,चंदन समेत बड़ी संख्या में भाजयुमो पदाधिकारी, युवा साथी, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे । सभी ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मतदाता बनने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

# रखे गए हिरण शव पर वन्य प्राणी की गतिविधि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले के ग्राम पंचायत लामकेर अंतर्गत सालेमेटा-2, जुनागुड़ा पारा में 8 जनवरी की देर रात जंगली जानवर द्वारा शिकार होने से एक हिरण मृत हो गया। वन

■ **गतिविधियों को देखने शव के आसपास लगाए ट्रैप कैमरा**

विभाग ने स्थल में पहुंचकर मृत हिरण के शव को वन कक्ष 513 पी में रखा गया कि उसे खाने के लिए फिर से दुबारा जंगली जानवर आएगा। इसके लिए पास ही ट्रैप कैमरा लगा हुआ है, 10 जनवरी तक जांच करने पर किसी भी प्रकार की वन्य प्राणी की गतिविधि प्राप्त नहीं हुई, हिरण का शव पूर्व स्थिति जैसी ही बना हुआ है। वन विभाग भानपुरी के एसडीओ इंद्रप्रसाद बंजारे ने बताया कि इस पर निगरानी की जा रही, जहां वन कर्मियों का तैनात किया गया है।

## बस्तर मंड़ई 29 को, 84 परगना के देवी देवता होंगे शामिल



**बस्तर।** बस्तर जिले में मड़ई मेला की परंपरा सदियों से चली आ रही है। नगर पंचायत बस्तर में ऐतिहासिक दो दिवसीय वार्षिक मड़ई 29 जनवरी गुरुवार से शुरू होगी। इसमें आसपास गांव के 84 परगना के देवी देवता और ग्रामीण शामिल होंगे। सदियों से चली आ रही परंपरा का पालन आज भी किया जा रहा है। नगर के पुजारीपारा स्थित मां गंगादेई मंदिर से माता की छत्र- डोली, लाट एवं देवी देवता गाजा बाजा के साथ मेला स्थल में लाया जाएगा। जिसमें राज परिवार सहित जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। बस्तर के ऐतिहासिक मांघ मेला को लेकर नगर पंचायत बस्तर के गंगादेई माता मंदिर परिसर में नगर पंचायत अध्यक्ष एवं मेला प्रभारी देवकी भद्रे सहित पार्षदो व वरिष्ठ नागरिकों नगरवासियों की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 29 जनवरी को मेला आयोजन को लेकर ग्राम पुजारी विशेश्वर यादव ने सहमति माता से मांगी जिसकी जानकारी उपस्थित नगर वासियों को दी गई। मेला को सफल आयोजन को लेकर मेला समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से नगर पंचायत अध्यक्ष को मेला प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर गांव की वरिष्ठ नागरिक लखेश्वर कश्यप, ठिरली राम यादव, राजू ठाकुर, उदबोराम नाग, महेश मौर्य, रवि शंकर शुक्ला, अंकित पारख, समीर मिश्रा, वीरसिंह, नरसिंह नागेश, जीतेन्द्र पटेल, सीताराम बघेल, बंशी कश्यप, मंगलराम, कोटवार जानकी राम बघेल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं ग्राम भोंड के ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने योगेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर बनाये गये हैं। शुक्रवार को वे भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे और जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय से भेंट की। जहां से वरिष्ठों व कार्यकर्ताओं के साथ मांई दंतेश्वरी मंदिर में देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को सशक्त बनाने व सौंपे गए दायित्व का निर्वहन समर्पण व निष्ठा से करेंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष आर्येन्द्र सिंह आर्य, सुरेश गुप्ता, निर्मल पाणिग्रही, त्रिवेणी रन्धारी, माहेश्वरी ठाकुर, रोहित त्रिवेदी, पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, दिगंबर राव, शशिनाथ पाठक, योगेश शुक्ला, संतोष बाजपेई, अभय दीक्षित, मुरलीधर सेठिया, संतोष पांडे, अजय बैरागी, योगेश मिश्रा, विक्रम सिंह यादव, खगेंद्र ठाकुर, सूरज श्रीवास्तव, संजू ठाकुर, वीरेंद्र शर्मा, आनंद झा, कृष्ण ठाकुर, उमेश यादव, प्रभात चौहान, गजेंद्र पगाडे, प्रफुल्ल ठाकुर व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भक्तों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया वन भोजनोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



ठाकुर अनुकूल चंद्र के आदर्शों और वाणियों को आत्मसात करते हुए सत्संग मंदिर बंगाली कैंप के भक्तों द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 जनवरी को वन भोजनोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

यह आयोजन दंतेवाड़ा जिले के कुम्हाररास जलाशय के सुरम्य प्राकृतिक वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों की सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल भक्ति पूर्ण वातावरण में ठाकुर अनुकूल चंद्र की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। भक्तों ने सामूहिक रूप से प्रार्थना कर विश्व कल्याण, शांति और सद्भाव की कामना की। पूजा उपरांत सत्संग मंदिर के अध्यक्ष स्वपन कुमार साहा ने उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए उनके जीवन दर्शन, आदर्शों और वाणियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि ठाकुर जी का संदेश मानव जीवन को सत्य, प्रेम, अनुशासन और सेवा के मार्ग पर अग्रसर करता है तथा समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना करता है।

वन भोजनोत्सव के दौरान भक्तों के बीच आपसी भाईचारे, सहयोग और सौहार्द का भाव देखने को मिला। प्राकृतिक परिवेश में आयोजित इस कार्यक्रम ने भक्तों को आध्यात्मिक शांति प्रदान की और दैनिक जीवन की भागदौड़ से दूर कुछ समय प्रकृति के सानिध्य में बिताने का अवसर दिया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सेवा भाव से जुड़े स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभाली।

पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, स्वच्छता और धार्मिक मर्यादाओं का विशेष ध्यान रखा गया। यह वन भोजनोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का माध्यम भी बना। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं भक्तिमय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# लाइब्रेरी ज्ञान की ज्योति बनकर सही दिशा प्रदान करेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

श्रमिकों एवं उद्योगों हितार्थ के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्वच्छता, जरूरतमंदों को सहयोग आदि जनकल्याणकारी क्षेत्रों में भी यूनियन के अध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप और सचिव एके सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्य करने वाले बैलाडीला के प्रमुख श्रम संगठन मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया।

यह लाइब्रेरी केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं, बल्कि ज्ञान, विचार, चेतना और जागरूकता का एक सशक्त मंच है। इसका मुख्य उद्देश्य नगर में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना, बच्चों व युवाओं में पढ़ने की आदत विकसित करना तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों के बौद्धिक, नैतिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना है। आज के डिजिटल युग में जहां पढ़ने की संस्कृति धीरे-धीरे कम होती जा रही है, यह लाइब्रेरी ज्ञान की ज्योति बनकर समाज को सही दिशा प्रदान करेगी। यहां अध्ययन के माध्यम से बच्चे अपने सपनों को आकार देंगे, युवा अपने भविष्य को सशक्त बनाएंगे और समाज ज्ञान से समृद्ध होगा।

खबर संक्षेप

## अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा में पहुंची 10 टीमें



**जगदलपुर।** छग स्टेट पॉवर कंपनी के अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में दूसरे दिन शनिवार को चार टीमों का मैच हुआ। कालीपुर मैदान के मैच में कोरबो पूर्व बनाम रायपुर क्षेत्र में से रायपुर क्षेत्र की टीम विजयी, रायपुर मध्य बनाम बिलासपुर क्षेत्र में से रायपुर मध्य विजयी, धुरगुड़ा मैदान में दुर्ग क्षेत्र बनाम मडवा क्षेत्र में से मडवा क्षेत्र विजयी एवं राजनांदगांव क्षेत्र बनाम कोरबा पश्चिम में से कोरबा पश्चिम की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 10 टीमों में से रायपुर क्षेत्र, जगदलपुर क्षेत्र, रायपुर सेंट्रल, बिलासपुर क्षेत्र, अम्बिकापुर क्षेत्र, मंडवा क्षेत्र, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, राजनांदगांव क्षेत्र एवं दुर्ग क्षेत्र की टीमें शामिल है।

## गढ़िया पहुंचे नोडल अधिकारी लगी जनचौपाल

**जगदलपुर।** लोहंडीगुड़ा ब्लाक के



ग्राम गढ़िया में नोडल अधिकारी आरके बतरा पहुंचे। सरपंच भरत कश्यप एवं पंचगणों के साथ ग्रामवासियों के बीच जन चौपाल लगाया गया। सरपंच ने शासकीय योजनाओं की प्रगति एवं गांव की आवश्यकता समस्याओं व विकास की जानकारी दी। नोडल अधिकारी द्वारा ग्राम गढ़िया में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला भवन की सुविधा, पुनर्निर्माण के साथ आंगनबाड़ी केंद्र से राशन दुकान में वितरण की व्यवस्था एवं उप स्वास्थ्य केंद्र, शौचालय की स्थिति, गांव में बिजली की आपूर्ति अटल डिजिटल केंद्र एवं आदिवासी छात्रावास भवन की वर्तमान स्थिति एवं आवश्यकता, मरम्मत योग्य पंचायत भवन समेत गांव की वस्तु स्थिति की जानकारी दी। इस दौरान निरंजन बघेल, हेमनाथ कश्यप, लखन कश्यप, चेतन ग्वाल, थनु कश्यप, मनन कश्यप सहित अन्य ग्रामवासियों उपस्थित थे।

# झाड़ेश्वर महादेव मंदिर देवड़ा में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में पहुंचे सांसद





हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी नगरनार मंडल के झाड़ेश्वर महादेव मंदिर देवड़ा में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर सासंद महेश कश्यप ने 1 हजार साल पहले 1026 में महमूद गजनी द्वारा किए गए हमले और मंदिर को ध्वस्त करने की बात रखते कहा कि कई बार आक्रमण के बाद भी सोमनाथ मंदिर आज भी शान से खड़ा है। यहीं हमारे देश की शक्ति और स्वाभिमान है। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, राजेश शर्मा, अर्जुन सेठिया, हरि साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सेठिया, जिला पंचायत सदस्य बिन्दु साहू, मनोज पटेल, जपं उपाध्यक्ष पुरषोत्तम, लालाराम पटेल, मोहन सेठिया, सविता साहनी, संगीता महाराणा, सरिता साहू, चमेली जीराम, रघुराम सेठिया, महादेव बघेल, सुरेश ठाकुर, घनश्याम सेठिया, रैनु बघेल, दुजेश्वर देवांगन, तुलसी देवांगन, गणेश सेठिया, रूपेश समरथ, मुरली सेठिया, जयराम नाग, अजय सेठिया, सोमप्रकाश जोशी, विकास पात्रों, गणेश नागवंशी, रामचंद्र बघेल, विकास जोशी, विरेन्द्र जोशी, दिनेश सेठिया, मुरली मनोहर दास, सोनधर कश्यप, भरत बघेल, प्रितम पात्रे मौजूद रहे।

# प्रतापेश्वर महादेव मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आज लोहंडीगुडा मंडल के चित्रकोट प्रतापेश्वर महादेव मंदिर में जनवरी 1026 में गजनी के महमूद द्वारा सोमनाथ मंदिर पर किए गए बर्बर आक्रमण और मंदिर विध्वंस की घटना को स्मरण किया गया। वर्ष 2026 में आस्था, सभ्यता और स्वाभिमान के इस महान प्रतीक सोमनाथ पर हुए उस आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। सोमनाथ की इसी एक हजार वर्षों की सहनशीलता, पुनरुत्थान और अखंड निरंतरता को रेखांकित करने हेतु इस वर्ष सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर शिव मंदिर में शिव आरती, ॐ नमः शिवाय का जाप कर श्रद्धा प्रकट की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, मंडल प्रभारी नारायण ठाकुर, मंगतू कश्यप, चंद्रभान कश्यप, डॉ बसंत कश्यप, सावेंद्र सेठिया, अजय बघेल, गुड्डू राम कश्यप, सुकड़ू राम, बुटकी कश्यप, जितरू राम, करण सेठिया, धनसिंह ठाकुर, विनय मौर्य, प्रेम यादव सरपंचगण सहित कार्यकर्ता मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## साप्ताहिक बाजारों में यातायात रथ के माध्यम से चालकों को किया जा रहा जागरूक

# टोल प्लाजा में शिविर लगाकर 3 सौ से अधिक वाहन चालकों का किया गया नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर






राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के तहत वाहन चालकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 30 स्थित टोल प्लाजा में स्वास्थ्य शिविर

- **यातायात पुलिस ने अभियान के तहत दुपहिया, चारपहिया व भारी वाहन के चालकों को दी समझाईश**

लगाकर सैकड़ों वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में साप्ताहिक बाजारों में यातायात रथ के माध्यम से चालकों को भी जागरूक करने अभियान चलाया जा रहा है।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश एवं एएसपी महेश्वर नाग मार्गदर्शन व डीएसपी ट्रेफिक संतोष जैन के पर्यवेक्षण में पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 30 टोल प्लाजा के पास वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण शिविर लगा कर मार्ग पर आवागमन कर रहे ट्रक, ट्रेक्टर, दोपहिया, चारपहिया व भारी वाहनों के तीन सौ से अधिक वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। जांच के दौरान ऐसे चालक जिनके नेत्र परीक्षण में कमी देखी गई उन्हें उचित उपचार एवं आवश्यक समझाइश भी दी गई। टेफिक टीआई मधुसूदन नाग ने बताया कि वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह है कि चालक लगातार सफर करते रहने से दृष्टि क्षमता पर इसकी असर पड़ती है।

इसके कारण कमजोर दृष्टि क्षमता से दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहती है। इसलिए वाहन चलाते समय चालक की नेत्र की दृष्टि क्षमता अच्छी बनी रहे और सड़क पर सुरक्षित सफर कर सकें। इस दौरान स्वास्थ्य एवं यातायात पुलिस की टीम के दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### साप्ताहिक बाजारों में पाम्पलेट व लघु फिल्म दिखाया जा रहा

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के तहत वाहन चालकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले के साप्ताहिक बाजारों में यातायात पुलिस की टीम जागरूकता रथ के माध्यम से वाहन चालकों को जागरूक कर रही है। इन साप्ताहिक हाट बाजारों में यातायात जागरुकता प्रचार वाहन में पहुंचकर बस, ऑटो, टैक्सी, पिकअप व दुपहिया वाहनों में यातायात जागरूकता से संबंधित पोस्टर चिपका कर पाम्पलेट का वितरण किया जा रहा है तथा लघु फिल्मों के माध्यम से होने वाले दुर्घटनाओं की जानकारी देकर दुर्घटनाओं से बचने के उपाय बताकर जागरूक किया जा रहा है।

# जांच में पहुंचे 69 स्कूल बस 10 पर ठोंका जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर जिले के शैक्षणिक संस्थान स्कूल, कालेज, आईटीआई में संचालन होने वाली समस्त शैक्षणिक संस्थान वाहनों को उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार जारी गाईड लाईन अनुसार आयोजित दो दिवसीय शिविर में दूसरे दिन शनिवार को 47 स्कूल बसों की जांच की गई। जांच के

- **नहीं पहुंचे 21 स्कूल बसों का पंजीयन निरस्तीकरण की कार्रवाई**

दौरान 10 स्कूल बसों में लगे अग्निशमन यंत्र की वैद्यता समाप्त होने के चलते 3 हजार रूपए का जुर्माना किया गया। इस दौरान स्कूल बस के चालकों को अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। बताया कि स्कूल बस का पीला रंग होना, फर्स्ट एड बॉक्स, फिटनेस, दरवाजे पर ताले, प्रशिक्षित चालक और परिचालक, महिला परिचालक, चालक का पांच साल पुराना लाइसेंस, गति मापक यंत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र, स्कूल का दूरभाष क्रमांक अंकित होना शामिल है। इस तरह से दो दिन में 69 स्कूल बसों ने जांच के लिए पहुंची पर 21 स्कूल बस नहीं पहुंचे, जिससे पंजीयन निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार साहू टीम के साथ जुटे रहे।

### पालन नहीं तो होगा परमिट रद्द

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि स्कूल बस के संचालकों को समझाइश और नियमों का पालन करने की शर्त पर ही परमिट जारी किए गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया तो परमिट रद्द कर दिया जाएगा।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर फिट बस्तर हिट बस्तर का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

पतंजलि योग परिवार जगदलपुर-बस्तर द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर पर फिट बस्तर–हिट बस्तर अभियान के अंतर्गत त्रिदिवसीय युवा योग उत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में किया गया। 10 से 12 जनवरी तक चलने वाले इस विराट आयोजन में नगर के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों के विद्यार्थी,पुलिस जवान,योग साधक और स्वास्थ्यप्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए। उत्सव के पहले दिन युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली, एकाग्रता, स्मरण शक्ति वृद्धि, व्यक्तित्व विकास, संतुलित आहार और आदर्श दिनचर्या पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया। इसके साथ ही शुगर, बीपी, मोटापा, थायरॉइड, गैस, एसिडिटी, तनाव, सिरदर्द, सर्दी-खांसी जैसी समस्याओं के लिए योगिक उपचार कराए गए। आयोजन की विशेषता यह रही कि तीनों दिनों तक निःशुल्क स्वास्थ्य मूल्यांकन, बीपी-शुगर जांच,वजन मापन, एक्यूप्रेशर, जलनेति, अक्षिधोवन, कर्णपूरण जैसी प्राकृतिक चिकित्सा सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। युवाओं के लिए औषधीय पेय और अंकुरित प्रातः राशि की व्यवस्था ने कार्यक्रम को और उपयोगी बना दिया। इस आयोजन में उद्घाटन, मंच संचालन, योग सत्र, स्वास्थ्य सेवाओं, पंजीयन, व्यवस्था संचालन, हवन सेवा और महिला समिति की सहभागिता सहित सभी व्यवस्थाएं संगठित रूप से संपन्न की गईं। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के स्वदेशी उपक्रम के छत्तीसगढ़ प्रमुख हेमंत मालवीय,नगर निगम सभापति खेम सिंह देवांगन, राजस्व सभापति संग्राम राणा, आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े अजय सिंह बैस,पूर्व सैनिक संगठन से कर्नल अक्षय कर, छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स से खेम सिंह नेगी, ट्रेडिंग हेड हेमंत साहू,पूर्व सेना नायक सतेंद्र मिश्रा, अशोक शर्मा, संरक्षक डॉ. सुषमा झा, शक्ति सिंह चौहान सहित पतंजलि योग परिवार के पदाधिकारी,स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# अन्य प्रदेशों से श्रमिक लाकर कराया जा रहा काम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरंदुल

क्रासिंग प्लांट के नए निर्माण कार्य में ठेका कंपनी आदिवासी मजदूरों को दरकिनार कर ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश से मजदूरों को लाकर कार्य करवा रही है।

- **नियमों का पालन नहीं होने से लोगों में रोष**

गंभीर बात यह है कि इन बाहरी मजदूरों का न तो पुलिस वेरिफिकेशन कराया गया है और न ही श्रम विभाग के प्रक्रिया का पालन किया गया है। आरोप यह भी है कि बाहरी मजदूरों की बढ़ती संख्या से स्थानीय संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है और क्षेत्र में असंतोष का माहौल बन रहा है। मजदूर संगठनों और सामाजिक कार्यकतार्ओं ने जिला प्रशासन, श्रम विभाग से मांग की है कि निर्माण कार्यों में स्थानीय आदिवासी मजदूरों को प्राथमिकता दी जाए।

***पुलिस वेरिफिकेशन करवाना पड़ेगा***

एडिशनल एसपी दंतेवाड़ा आर के बर्मन ने कहा है कि यह गंभीर विषय है। कंपनी को दूसरे प्रदेशों से लाए सारे मजदूरों का पुलिस वेरिफिकेशन करवाना पड़ेगा नहीं तो जल्द कार्रवाई की जाएगी।



***स्थानीय लोगों को काम मिले***

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कंपनी को स्थानीय लोगों को कार्य देना पड़ेगा। नहीं तो प्रशासन कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# लंबित व जायज समस्याओं पर प्रबंधन का किया ध्यान आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



स्टेट पॉवर कम्पनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ ने बस्तर अंचल के कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित और जायज समस्याओं की ओर भी प्रबंधन का ध्यान आकर्षित किया और एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। साथ ही प्रबंधन से सौहार्दपूर्ण भेंट और द्विपक्षीय

- **समस्याओं पर द्विपक्षीय वार्ता पर सौंपा ज्ञापन समाधान की मांग**

वार्ता की मांग की है। बस्तर जैसे दुर्गम और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान हेतु संघ ने अवगत कराया कि बस्तर और सरगुजा अंचल के कर्मचारी कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन नीतिगत बाधाओं के कारण उनकी प्रमुख मांगें अभी भी अधूरी हैं। ज्ञापन में संघ के अध्यक्ष गगनराज हिरवानी, महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार कश्यप, पवन साहू, ललित यादव एवं अन्य सदस्य शामिल रहे। संघ ने कहा कि वर्तमान में तीन अलग-अलग जोन के आधार पर वरिष्ठता का निर्धारण संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। उन्होंने जून 2023 के विभाजनकारी आदेश को निरस्त कर पूरे प्रदेश में एक केन्द्रीयकृत वरिष्ठता सूची लागू करने की मांग की है। बस्तर क्षेत्र में डेटा एंट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया 2021 से स्थगित है। संघ ने मांग की है कि बस्तर के 51 फीसदी से अधिक रिक्त पदों को भरने के लिए तत्काल नियुक्ति की जाए। राज्य सरकार की लिखित सहमति के बावजूद बिजली कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है।

***नियमितीकरण की मांग***

संघ ने जोखिम भरे कार्य को देखते हुए इसे तत्काल लागू करने की मांग की है। अनुकंपा के आधार पर नियुक्त डेटा एंट्री ऑपरेटरों की 6 माह की प्रशिक्षण अवधि समाप्त होने के बावजूद उन्हें नियमित नहीं किया गया है। संघ ने प्रशिक्षण की शर्तों में ढील देकर तत्काल नियमितीकरण की मांग की है। संघ की 8 मांगें कर्मचारियों का पसीना और उनका अधिकार हैं, जिन्हें लेकर रहेंगे।




# दरभा पंचायत में बूंद-बूंद को तरसते गांव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



आम आदमी पार्टी के नेता समीर खान के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने दरभा ब्लॉक अंतर्गत चिड़पाल पंचायत एवं आसपास के गांवों में व्याप्त गंभीर पेयजल संकट को लेकर एसडीएम कार्यालय तोकापाल के नाम मांगपत्र सौंपा। इस दौरान पंचायत के विभिन्न गांवों के दिव्यांगजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और उन्होंने अपनी पीड़ा प्रशासन के समक्ष रखी। पार्टी नेताओं ने बताया कि चिड़पाल पंचायत के मदरकोटा, चिकलकोंटा सहित कई गांवों में लंबे समय से पेयजल की विकट समस्या बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों को दो-दो किलोमीटर दूर से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि इस समस्या की जानकारी पूर्व में भी प्रशासन को पत्राचार के माध्यम से दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गांवों में न तो हैंडपंप ठीक किए गए हैं और न ही स्थायी जलस्त्रोतों की कोई व्यवस्था की गई है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पार्टी नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की अमृत जल मिशन योजना के तहत बस्तर जिले में करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका कोई ठोस असर नजर नहीं आ रहा। ग्रामीण आज भी साफ पीने के पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो इस योजना की विफलता को दर्शाता है।कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख नाम समीर खान,अमित बघेल,दांती पोयम, बामण,वीडियो राम मांडवी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं गांवों के दिव्यांग नागरिक समेत बड़ी संख्या में कार्यकता उपस्थित थे। आम आदमी पार्टी ने चिड़पाल पंचायत एवं दर्भा ब्लॉक के सभी प्रभावित गांवों में शीघ्र स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही अमृत जल मिशन के अंतर्गत हुए सभी कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने,दोषियों पर कार्रवाई करने और खराब पड़े जलस्त्रोतों को तत्काल दुरुस्त करने की मांग उठाई गई है। पार्टी ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वह जन आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

